web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 25 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 149

## मातम में बदली शादी की खुशियां ... पिकअप वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में 11 की मौत

❐ वैवाहिक कार्यक्रम के शामिल होकर घर लौट रहे थे



**बलौदाबाजार/रायपुर (आरएनएस)** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात हुए भीषण सडक़ हादसे में चार बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। बताया जाता है कि बलौदा बाजार-भाटापारा मार्ग पर खमरिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप वाहन को अपनी चपेट में लिया। पिकअप वाहन ने एक ही परिवार के कई सदस्य सहित अन्य लोग थे जो वैवाहिक कार्यक्रम के शामिल होकर ग्राम अर्जुनी से अपने घर खिलौरा लौट रहे थे। इधर इस हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के लिए चार-चार लाख तथा घायलों के लिए एक-एक लाख रूपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

मिली जानकारी के अनुसार बलौदा बाजार के ग्राम खिलौरा हथबंद में रहने वाला साहू परिवार बुधवार को शादी के बाद चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक पिकअप वाहन में सवार होकर अर्जुनी गया था। जहां से कार्यक्रम के शामिल होने के बाद सभी देर रात वापस अपने गांव खिलौरा आ रहे थे। इसी दौरान डीपीएस स्कूल खिलौरा के पास सामने की आरे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादस इतना भयानक था कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गये और वाहन में सवार सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल लोगों को बलौदा बाजार जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चार लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में चार बच्चें भी थे जिनकी उम्र 12 से 14 वर्ष थी। इधर घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। वहीं जब्त ट्रक थाने लाने के दौरान अचानक कुकुरडी के पास जलने लगी और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया जिन्होंने पहुंचकर आग पर काबू किया। वहीं इस मामलें की जानकारी मिलते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार तथा मृतकों के लिए चार- चार लाख तथा घायलों को एक-एक लाख रूपए मुआवजा देने की घोषणा की।

इस हादसे में रामखिलावन साहू 65 वर्ष,बिरझू साहू 55 वर्ष,भूषण साहू 50 वर्ष,राजा राम 45 वर्ष,नरोत्तम यादव 35 वर्ष,बलदाऊ साहू,32 वर्ष,जितेंद्र यादव 18 वर्ष,भावेश 14 वर्ष,हितेश साहू 13 वर्ष तथा किशन साहू 12 वर्ष की मौत हुई है। वहीं नरेंद्र साही,दीपेश साहू,पायल साहू,घनश्याम साहू,कौशल निर्मल,दीपक साहू तथा भगेला सिंह घायल हुए है जिनका उपचार चल रहा है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जताया शोक

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात बलौदा बाजार-भाटापारा मार्ग पर खमरिया इलाके में एक पिक अप वाहन की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बताया गया कि, बलौदा बाजार के खिलौरा से साहू परिवार के सदस्य पिकअप में सवार होकर अजुर्नी से अपने गांव लौट रहे थे। देर रात को खमरिया के पास उनके पिकअप की सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, इस हादसे में 10 लोग घायल भी हुए हैं, उन्हें अस्पताल भेजा गया और तीन की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस घटना के घायलों को इलाज की बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल

**धारवाड़ (आरएनएस)।** यहां कार-ट्रक की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब लोगों का एक समूह सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित एक युवक को विदा करने जा रहा था। एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और तेगुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। हालांकि इस घटना में राहगीर की भी मौत हो गई। अग्निवीर मंजूनाथ को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। मृतकों की पहचान नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी (29), महंतेश बसप्पा मुद्दोजी (40), बसवराज शिवपुत्रप्पा नारगुंड (35) और पांच वर्षीय लडक़े श्रीकुमार नरगुंड और इरन्ना गुरुसिद्दप्पा रामनगौदर (35) के रूप में हुई है। पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इरन्ना पैदल यात्री थे, बाकी सभी कार सवार थे। घटना में श्रवण कुमार नरगुंड, मदिवलप्पा अलनावर, प्रकाश गौड़ा घायल हो गए। मंजूनाथ मुद्दोजी को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए अग्निवीर के रूप में चुना गया था। पुलिस ने कहा कि उसका परिवार और दोस्त उसे बेलगावी से हुबली छोडऩे जा रहे थे। मृतक बेलगावी के कित्तूर तालुक के औरदी गांव के रहने वाले थे।

### मथुरा जेल के कैदी तैयार कर रहे हर्बल गुलाल

**मथुरा (आरएनएस)।** मथुरा की जेल के कैदी ब्रज क्षेत्र की होली के लिए विशेष हर्बल गुलाल तैयार कर रहे हैं। मथुरा जिला जेल के छह कैदियों ने पर्यावरण के अनुकूल हर्बल रंग तैयार किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की पहल से भी कैदियों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रदेश भर की जेलों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जेल में अरारोट पाउडर और सब्जियों की मदद से हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। इस कड़ी में पालक को पीसकर उसका हरा रंग निकाल कर तैयार किया जाता है। इसी तरह मेथी को पीसकर हल्का हरा रंग, चुकंदर को पीसकर लाल रंग, हल्दी पाउडर से पीला गुलाल तैयार किया जा रहा है। साथ ही इसमें खुशबू बरकरार रखने के लिए इत्र का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि जेल में हर साल चूंटिल में गुलाल तैयार किए जाते है।

### केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज आएंगे रायपुर

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर नियमित विमान सेवा से कल, 25 फरवरी, 2023 (शनिवार) को अपराह्न 01.40 बजे रायपुर पहुंच रहे हैं । अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री अपराह्न 02.00 से 03.15 बजे तक रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, धनेली कैम्पस, रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके कार्यक्रम के बाद ठाकुर अपराह्न 04.40 से 06.30 बजे तक भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर के वाई-20 समिट कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करेंगे। आईआईएम, रायपुर के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केन्द्रीय मंत्री, रात्रि 08.35 बजे नियमित विमान सेवा के माध्यम से हैदराबाद के लिए रवाना हो जाएंगे ।

## लखनऊ के क्रिकेटर से आईपीएल में ब्रेक दिलाने के नाम पर ठगी



**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ के क्रिकेट खिलाड़ी अभिलेख सिंह से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ब्रेक दिलाने में मदद करने के नाम पर पांच लाख रुपए की ठगी की गई। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात के बाद गौतमपल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज से पासआउट अभिलेख ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि 2019 में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एक अभ्यास मैच के दौरान उसकी मुलाकात कृष्ण कुमार झा से हुई थी।

उसने पहले मुझे आईपीएल में खेलने का लालच दिया और 17 लाख रुपए की मांग की। मैंने इतनी बड़ी राशि का भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की। उसने मुझे एक राज्य के लिए खेलने के लिए 5 लाख रुपए के एक और सौदे में फंसाया।

किसी तरह, मैंने अपने माता-पिता से पैसे लेने में कामयाबी हासिल की और फिर चेक के माध्यम से भुगतान किया। मुझे प्रतीक्षा के लिए बोला गया और मैंने कुछ दिनों के लिए अरुणाचल प्रदेश में एक अतिरिक्त के रूप में डेरा डाला, लेकिन टीम में खेलने का मौका नहीं मिला, जो आईपीएल खेलने के लिए एक आवश्यकता है। बाद में, जब पीड़ित को खेलने का कोई मौका नहीं मिला, तो उसने अपने पैसे वापस मांगे, जिस पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। एडिशनल डीसीपी, पुलिस मुख्यालय, अखिलेश सिंह ने कहा कि आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

❐ तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा



**तिरुवनंतपुरम (केरल) (आरएनएस)।** कालीकट से दम्मम जा रहे एअर इंडिया के एक विमान के पिछले हिस्से के उड़ान भरने के दौरान 'संदिग्ध रूप से रनवे से टकरा जाने के बाद उसे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान आईएक्स 385 दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर 168 यात्रियों के साथ तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी जिसके बाद हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने पहले घोषित पूर्ण आपात स्थिति हटा दी। एअर इंडिया ने कहा कि कालीकट हवाई अड्डे से उड़ान भरते हुए विमान का पिछला हिस्सा संदिग्ध रूप से टकरा गया जिसके कारण कोझीकोड-दम्मम उड़ान का मार्ग तिरुवनंतपुरम की ओर मोड़ दिया। एअरलाइन ने एक अन्य विमान से यात्रियों को दम्मम भेजने की व्यवस्था की। इस विमान के आज शाम को ही तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरने की संभावना है। एअर इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा, एअरलाइन कर्मी तिरुनवंतपुरम में यात्रियों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रख रहे हैं। इस बीच, विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा कि वह घटना की जांच करेगा। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले अडाणी समूह ने कहा कि उन्होंने कालीकट पर घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपात स्थिति की घोषणा कर दी थी। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा, शुरुआत में विमान को सुबह 11 बजकर तीन मिनट पर उतरना था लेकिन बाद में इसका समय बदलकर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट कर दिया गया। सुबह 11 बजकर 36 मिनट पर हमने हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति की घोषणा कर दी और सभी आपात सेवाओं को तैयार रहने को कहा। हवाई अड्डे पर सभी एम्बुलेंस और तीन क्रैश फायर टेंडर तैयार थे और आपात द्वार खुले थे। एहतियातन तौर पर नजदीकी अस्पतालों से एम्बुलेंस और पुलिसकर्मियों को लेकर तीन बस हवाई अड्डे पर पहुंची। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा, बहरहाल, अन्य विमानों का संचालन सामान्य रहा। विमान एहतियात के तौर पर अतिरिक्त ईंधन को खपाने के लिए करीब ढाई घंटे तक हवा में चक्कर काटने के बाद दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरा। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रनवे का निरीक्षण किया और बाद में आपात स्थिति का निर्देश वापस ले लिया।

## अडानी ग्रुप को सुप्रीम झटका, मीडिया रिपोर्टिंग पर बैन की मांग वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संकटों का सामना कर रहे अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। हम अपना फैसला सुनाएंगे।

वकील एमएल शर्मा ने याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम ऐसा कोई आदेश नहीं जारी करेंगे, जो मीडिया पर रोक लगाने संबंधी है। अडानी संबंधी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी सख्ती दिखाई थी। कोर्ट ने केंद्र के उस पेशकश को खारिज किया था, जिसमें सरकार ने जांच पैनल की रिपोर्ट सील्ड कवर में पेश की थी। अडानी ग्रुप की तरफ से एक और याचिका दायर है, जिसमें हिंडनबर्ग के खिलाफ एक जांच के आदेश देने की मांग की गई है। अडानी ग्रुप की तरफ से याचिका दायर करने वाले वकील एमएल शर्मा ने कोर्ट में कहा कि मामले की रिपोर्टिंग करके मीडिया सेंशेसन पैदा कर रही है। केस की सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'वाजिब बात कीजिए, मीडिया रिपेर्टिंग पर रोक लगाने की बात मत कीजिए।' चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि बेंच इस मामले में जल्द ही एक आदेश जारी करेगी।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते चीफ जस्टिस की ही एक बेंच ने हिंडनबर्ग-अडानी मामले में इन्वेस्टर्स और स्टॉक मार्केट को सुरक्षित रखने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। इसी मामले में केंद्र सरकार ने एक सील्ड कवर में अपने सुझाव दिए था और कुछ नाम सुझाए थे, जिन्हें एक्सपर्ट पैनल में शामिल किया जा सकता था। सीजेआई की बेंच अडानी केस में कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है, जिसमें दो याचिकाओं में हिंडनबर्ग के खिलाफ जांच के आदेश की मांग और दो याचिकाएं अडानी ग्रुप के खिलाफ जांच के आदेश की मांग के लिए दायर हैं।

## मार्च आते ही गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड, आईएमडी का अलर्ट- 40 डिग्री तक जाएगा तापमान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले पांच दिन में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक दर्ज किए जाने का अनुमान है। देश के कई हिस्सों में पहले से ही अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है जो आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह में दर्ज किया जाता है। इसने इस साल तीव्र गर्मी और लू को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है।

आईएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढऩे का अनुमान है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मार्च के पहले पखवाड़े में उत्तर पश्चिमी भारत के एक या दो मौसम संबंधी उपखंडों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने फरवरी में असामान्य रूप से गर्म मौसम के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की अनुपस्थिति प्राथमिक कारण है।

मजबूत पश्चिमी विक्षोभ वर्षा लाते हैं और तापमान को कम रखने में मदद करते हैं। सोमवार को उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पश्चिम भारत के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन आरंभ... सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा, खड़गे करेंगे नॉमिनेट



**रायपुर (आरएनएस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस का राष्ट्रीय महा अधिवेशन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय महा महाधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडक़े की मौजूदगी में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा।सर्वसम्मति से तय किया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी नॉमिनेट करेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि ढाई घंटे चली कमेटी की बैठक में खुली बातचीत हुई। सभी सदस्यों ने अपनी बातें रखीं। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों को सीडब्ल्यूसी में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी के नेता, सभी पीसीसी डेलीगेट्स इसका समर्थन करेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी के स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होने पर कहा कि बैठक में 45 सदस्य बैठे थे। गांधी परिवार से किसी तरह की जूम मीटिंग नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि प्लिनरी सेशन में पार्टी के संविधान में संशोधन के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। करीब 16 प्रावधानों में संशोधन और 32 नियमों में संशोधन पर प्लिनरी सेशन में चर्चा होगी। संशोधन में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दलित, आदिवासी, महिला, युवाओं का प्रतिनिधित्व पार्टी में निश्चित किया जा रहा है।

## मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने का किया आह्वान

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि जी-20 भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता से प्रेरणा लेगा और वैश्विक परिदृश्य पर स्थिरता, भरोसा और वृद्धि को वापस लाने की दिशा में काम करेगा। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की जी-20 बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने वीडियो संदेश में जलवायु परिवर्तन और उच्च ऋण स्तर जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अभी भी महामारी के बाद के प्रभावों और व्यापक भू-राजनीतिक तनावों के असर का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन घटनाक्रमों ने कई देशों की वित्तीय व्यवहार्यता को खतरे में डाल दिया है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 के पहले बड़े कार्यक्रम में मोदी ने कहा, यह अब आप (जी-20 के सदस्य देशों) पर निर्भर करता है जो दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं और मौद्रिक प्रणालियों के संरक्षक हैं कि वे वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता, भरोसा और वृद्धि वापस लाएं। यह आसान काम नहीं है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में विकसित और विकासशील देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रतिभागी भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता से प्रेरणा लेंगे। उन्होंने कहा, भारतीय उपभोक्ता और उत्पादक भविष्य को लेकर आशावादी और आश्वस्त हैं। हमें उम्मीद है कि आप वैश्विक अर्थव्यवस्था में उसी सकारात्मक भावना को प्रसारित करने में सक्षम होंगे। मोदी ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपनी चर्चा को दुनिया के सबसे कमजोर नागरिकों पर केंद्रित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक आर्थिक नेतृत्व केवल एक समावेशी एजेंडा बनाकर फिर से दुनिया का भरोसा जीत सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी जी-20 अध्यक्षता का विषय इस समावेशी दृष्टिकोण-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की जनसंख्या आठ अरब को पार कर चुकी है लेकिन ऐसा लग रहा है कि सतत विकास लक्ष्यों को लेकर प्रगति धीमी पड़ रही है। उन्होंने कहा, हमें जलवायु परिवर्तन और उच्च ऋण स्तर जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने की आवश्यकता है। वित्त की दुनिया में प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभुत्व को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा कि कैसे डिजिटल भुगतान ने महामारी के दौरान संपर्क रहित और निर्बाध लेनदेन को सक्षम किया। उन्होंने जी-20 के सदस्य प्रतिभागियों से डिजिटल वित्त में अस्थिरता और दुरुपयोग के संभावित जोखिम को विनियमित करने के लिए मानकों को विकसित करते समय प्रौद्योगिकी की शक्ति का पता लगाने और उसका उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में एक अत्यधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और प्रभावी सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया है। मोदी ने कहा, हमारे डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को एक मुक्त सार्वजनिक वस्तु के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने रेखांकित किया कि इसने देश में शासन, वित्तीय समावेशन और जीवन की सुगमता को मौलिक रूप से बदल दिया है। यह देखते हुए कि बैठक भारत की प्रौद्योगिकी राजधानी बेंगलुरु में हो रही है, उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष अनुभव मिल सकता है कि भारतीय उपभोक्ताओं ने डिजिटल भुगतान को कैसे अपनाया है।